**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 3800**
**जिसका उत्तर बुधवार, 18 दिसंबर, 2024 को दिया जाएगा**

## दालों की उपलब्धता

**3800. डॉ. राजेश मिश्रा:**
**श्री अमरसिंग टिस्सो:**

**क्या उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा असम के कार्बी आंगलोंग और दीमा हसाओ जिलों के पहाड़ी क्षेत्रों सहित सम्पूर्ण देश में दालों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए क्या नीतिगत उपाय किए गए हैं; और

(ख) इनके क्या परिणाम निकले हैं?

**उत्तर**

**उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री**
**(श्री बी. एल. वर्मा)**

(क) और (ख): उपभोक्ता मामले विभाग दालों में मूल्य अस्थिरता को रोकने और उपभोक्ताओं को सस्ती कीमतों पर दालें उपलब्ध कराने के लिए उचित बाजार हस्तक्षेप हेतु मूल्य स्थिरीकरण कोष (पीएसएफ) के अंतर्गत दालों का बफर स्टॉक बनाए रखता है। उपभोक्ता कल्याण सुनिश्चित करने के लिए, अंशांकित तरीके से रिलीज़ के ज़रिए कीमतों को नियंत्रित करने में मदद हेतु दालों की खरीद और भंडारण किया जाता है।

बाजार में दालें उपलब्ध कराने के अलावा, उपभोक्ता मामले विभाग राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को उनकी कल्याणकारी योजनाओं जैसे पीडीएस, एमडीएम और आईसीडीएस के लिए दालों की आपूर्ति करता है, ताकि कल्याण और पोषण कार्यक्रमों की आवश्यकता को पूरा किया जा सके। हाल ही में, उपभोक्ता मामले विभाग ने कार्बी आंगलोंग स्वायत्त परिषद, असम को उसकी कल्याणकारी योजनाओं के लिए 10,000 मीट्रिक टन कच्ची मसूर आबंटित की है।

उपभोक्ताओं को सस्ती कीमतों पर दाल उपलब्ध कराने के लिए, जुलाई 2023 में पीएसएफ में चना स्टॉक को खुदरा निपटान के लिए चना दाल में परिवर्तित करके भारत दाल का शुभारंभ किया गया। भारत चना दाल को 30 सितंबर, 2024 तक उपभोक्ताओं को 1 किलोग्राम पैक के लिए 60 रुपये प्रति किलोग्राम और 30 किलोग्राम पैक के लिए 55 रुपये प्रति किलोग्राम की रियायती दरों पर उपलब्ध कराया गया। पूरे भारत में खुदरा उपभोक्ताओं को 12.32 लाख मीट्रिक टन भारत चना दाल बेची गई है।

हस्तक्षेप जारी रखने के लिए, 31 दिसंबर, 2024 तक भारत (चना) दाल चरण- II के तहत खुदरा वितरण के लिए 3 एलएमटी चना स्टॉक की अतिरिक्त मात्रा आबंटित की गई है। आबंटित चना स्टॉक को दाल के रूप में और साबुत चना के रूप में 1 किलोग्राम के पैक में चना दाल के लिए 70 रुपये प्रति किलोग्राम और साबुत चना के लिए 58 रुपये प्रति किलोग्राम के अधिकतम खुदरा मूल्य पर बेचा जा रहा है।

इसी प्रकार, बफर में मूंग और मसूर के स्टॉक को भारत ब्रांड के तहत खुदरा बिक्री के लिए दालों में परिवर्तित किया जाता है। भारत मूंग दाल (धुली) 107 रुपये प्रति किलोग्राम के अधिकतम खुदरा मूल्य पर बेची जा रही है और भारत मूंग साबुत 93 रुपये प्रति किलोग्राम के अधिकतम खुदरा मूल्य पर बेची जा रही है। भारत मसूर दाल 89 रुपये प्रति किलोग्राम के अधिकतम खुदरा मूल्य पर बेची जा रही है। भारत दालों को एनसीसीएफ, नेफेड और केन्द्रीय भंडार की खुदरा दुकानों और मोबाइल वैन, बड़ी खुदरा श्रृंखलाओं की दुकानों और ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों के माध्यम से वितरित किया जा रहा है, ताकि अधिकतम उपभोक्ताओं तक पहुंचा जा सके।

*******